हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 10 जून 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 नपा अध्यक्ष के समक्ष सांवरा डेरा की महिलाओं ...

14 मनरेगा के डबरी से बंजर भूमि हुई सिंचित, ...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स



1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**भाटापारा।** बीति रात 2 बजे के आसपास सिद्धबाबा रेलवे फाटक के पास एक 50 वर्षीय अधेड़ की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मौका माआयना करने के बाद क्षेत्राधिकार ग्रामीण थाना का होने के चलते इसकी सूचना ग्रामीण थाना को दी गई। ग्रामीण थाना पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नहीं होने के कारण अज्ञात के संबंध में आसपास के क्षेत्र में पुलिस द्वारा पतासाजी की जा रही है।

### राजादेवरी में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत बुधवार 9 जून को विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत राजादेवरी में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 19 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे। शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होग़ा। राजादेवरी शिविर में ग्राम पंचायत अर्जुनी (म), बरपानी, भूसडीपाली, बिलारी (जं), चांदन, छाता, गोलाझर, कुरमाझर, कुशभाठा, कुशगढ, नगरदा, नगेडा, नगेंडी, सोनाखान, सोनपुर, थरगांव, खोसड़ा, राजादेवरी एवं महराजी शामिल होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### डूंडा में दर्री तालाब के पास बेजा कब्जा हटाया



**रायपुर।** नगर निगम जोन 10 के नगर निवेश विभाग ने सोमवार को बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित डूंडा के दर्री तालाब के पास करीब 10 हजार वर्गफीट पर किए गए अवैध कब्जा और बिना अनुमति निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। इसी तरह कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के जानकी नगर में अभियान चलाकर 6000 वर्गफीट पर किए गए अवैध निर्माण को हटाने में तत्परता दिखाई। तहसीलदार रायपुर और जोन 10 कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में संबंधित क्षेत्र के पटवारी की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाने अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जानकी नगर में करीब 6000 वर्गफीट क्षेत्र में किये गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से हटाने टीम डटी रही।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट

रायपुर। टिकरापारा थाने में एक किशोर ने दो लड़कों के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर निवासी 17 वर्षीय किशोर ने राहुल तथा अमित शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ दावत खाने जा रहा था। चौरसिया कालोनी के पास राहुल तथा अमित ने किशोर की बाइक रोककर शराब पीने पैसे मांगे।

# पुलिसकर्मियों पर ग्रामीणों से मारपीट का आरोप, एसपी ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जिले के कसडोल विकासखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बलौदा(ह) में अवैध रेत खनन के विरोध को लेकर चल रहा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ पुलिस द्वारा कथित मारपीट किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

ग्रामीणों ने पुलिस और सरपंच पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अवैध रेत खनन किया जा रहा है। रेत उत्खनन के कारण गांव में बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है और लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त मुद्दे को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि हमारे द्वारा गांव के महामाया चौक में शांतिपूर्ण धरने पर बैठकर विरोध किया जा रहा था तभी धरने के दौरान सरपंच पति ने पुलिस को बुलाया और धरना समाप्त कराने के नाम पर ग्रामीणों के साथ अभद्रता तथा मारपीट की गई। उनका आरोप है कि गिधौरी थाना पुलिस ने सरपंच पति के साथ मिलकर ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की।

## अवैध रेत खनन के विरोध में धरने पर बैठे ग्रामीणों से कथित मारपीट का वीडियो वायरल

### कार्रवाई की मांग तेज

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी और एक सब-इंस्पेक्टर ग्रामीणों के साथ धक्का-मुक्की करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है और उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों तथा अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश

एडिशनल एसपी ने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए कसडोल एसडीओपी को जांच प्रभारी नियुक्त किया गया है और तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल वायरल वीडियो और ग्रामीणों के आरोपों के बाद पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब सभी की नजर प्रशासनिक जांच और उसके निष्कर्षों पर टिकी हुई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी और अवैध रेत खनन पर भी प्रभावी रोक लगेगी।

### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध रेत खनन के कारण गांव की जल व्यवस्था प्रभावित हो रही है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए गए। उनका आरोप है कि समस्या उठाने पर उन्हें दबाने का प्रयास किया गया।

### शिकायत प्राप्त हुई

वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में अवैध रेत खनन या खनिज के अवैध परिवहन की शिकायत सही पाई जाती है तो इसकी जानकारी खनिज विभाग को भी भेजी जाएगी, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

-अधीक्षक अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस

## आक्रोश : शराब विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने घेरा थाना

# तीन दिनों में 8 मौत से ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत खर्वे में तीन दिनों में 8 ग्रामीणों की मौत से दहशत फैल गई है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही व्यक्ति द्वारा जहरीली शराब पिलाकर लोगों को मारा जा रहा है। लगातार हो रहे मौत से पूरे गांव में डर का माहौल फैल गया है। गांव में कथित जहरीली शराब से हुई मौतों को लेकर माहौल गर्मा गया है। मंगलवार को गांव के सैकड़ों ग्रामीण कसडोल थाना पहुंचे और गांव के ही एक व्यक्ति पर लोगों को शराब पिलाकर उनकी जान लेने का गंभीर आरोप लगाया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिकित्सकीय दस्तावेजों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे क्षेत्र की नजर पुलिस जांच पर टिकी हुई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौतों के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।



### पुलिस ने शुरू की जांच

उक्त घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कसडोल थाने पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की भी मांग की है। इधर, कसडोल थाना पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।



### जहरीली शराब की आशंका

ग्रामीणों का दावा है कि गांव में जहरीली शराब सेवन के सेवन से 3 दिनों के भीतर लगातार अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार मृत हुए लोगों को किसी प्रकार की कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। मृतकों ने जिस शराब का सेवन किया था, वह कथित रूप से जहरीली थी। शराब पीने के बाद मजह कुछ घंटों में उनकी तबीयत बिगड़ गई और बाद में उनकी मौत हो गई। इस पूरे घटना से गांव में डर का माहौल फैल गया है।

## खैरी नाला पर पुलिया निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में रोष



**पलारी।** विकासखण्ड पलारी से 15 किलो मीटर दूर स्थित ग्राम धमनी और मुडियाडीह के ग्रामीणों को पुल का निर्माण नहीं होने से बरसात के मौसम में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि बरसात में जब खैरी नाला अपने सबाब पर होता है तो आवागमन पुरी तरह से अवरूद्ध हो जाता है। विद्यार्थियों को स्कूल जाने मे परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं ग्रामीण राशन के लिए ग्राम खैरी होकर आना पड़ता है। इस परेशानी के समाधान के लिए खैरी नाला में पुलिया निर्माण होना अतिआवश्यक है, जिसे लेकर ग्रामवासियों को जनप्रतिनिधि गणों से आश्वासन भी प्राप्त हो जाने उपरांत पुलिया निर्माण नहीं हुआ है। इस विषय को लेकर ग्राम धमनी के वर्तमान जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा, सरपंच ग्राम पंचायत धमनी हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद्र कुमार ▸▸ शेष पेज 13 पर

## सड़क के बीच धंसी नाली दे रही हादसे को न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

■ इंदिरा कॉलोनी मार्ग पर लोगों की बढ़ी परेशानी

ग्राम पंचायत अर्जुनी में मुख्य मार्ग स्थित तेज बुक डिपो से इंदिरा कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6 की ओर जाने वाले रास्ते पर क्षतिग्रस्त नाली स्थानीय नागरिकों और राहगीरों के लिए गंभीर समस्या का कारण बन गई है। किराना दुकान और चिकन सेंटर के सामने सड़क के बीचों-बीच निर्मित नाली का चेंबर टूटकर धंस गया है, जिससे वहां गहरा गड्ढा बन गया है। नाली की सरिया भी बाहर निकल आई है, जिससे



दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। यह मार्ग वार्ड के प्रमुख आवागमन मार्गों में शामिल है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, विद्यार्थी, महिलाएं, बुजुर्ग एवं दोपहिया वाहन चालक गुजरते हैं। नाली क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ रही है, इसके बावजूद ▸▸ शेष पेज 13 पर

## ब्लॉक मुख्यालयों में 12 जून से आयोजित होंगे जन कल्याण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में लापरवाही पर लगेगा जुर्माना, कुपोषण मुक्त आंगनबड़ी के लिये बनेगी कार्य योजना

जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में 12 से 20 जून तक जन कल्याण शिविर आयोजित होंगे। इस शिविर में आयुष्मान कार्ड, पीएम वय वंदन कार्ड बनाने के साथ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, वीबी ज़ी राम जी योजना की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने



मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में शिविर आयोजन के संबंध में जरूरी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी अभियान के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पहले गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराएं, और चिरायु कार्ड बनाएं। बच्चे की स्वास्थ्य रिपोर्ट के आधार पर कुपोषण दूर करने के लिये आवश्यक दवाई व पोषण आहार निर्धारित करें। इसी तरह एनआरसी में भर्ती कराने से लेकर घर में समय पोषक आहार की भी मॉनिटरिंग हो। ▸▸ शेष पेज 13 पर



## यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ एसपी ने ली पुलिस लाइन कम्युनिटी हॉल में महत्वपूर्ण बैठक

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन के कम्युनिटी हॉल में दोपहर 12 बजे से समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के भीतर सुरक्षित यातायात, सुव्यवस्थित पार्किंग, सुगम मार्ग व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा सड़कों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए हितधारकों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना था। बैठक में जिले के समस्त बस



संचालक, भारी वाहन ट्रांसपोर्टर और 'सड़क सुरक्षा मितान' विशेष रूप से शामिल हुए।

दरचुरा हादसे के 'सच्चे हीरोज' का हुआ सम्मान- इस बैठक के दौरान एक बेहद प्रेरक पल तब आया, जब पुलिस द्वारा ग्राम दरचुरा में घटित एक भीषण सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए देवदूत बने चार स्थानीय नागरिकों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इन नागरिकों ने दुर्घटना के तुरंत बाद संवेदनशीलता दिखाते हुए घायलों को संभाला और बिना समय गंवाए उन्हें तत्काल ▸▸ शेष पेज 13 पर

### पार्किंग व्यवस्था का कड़ाई से पालन हो

सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस का कड़ा रुख और निर्देश- बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़कों पर हर एक नागरिक की जान कीमती है। उन्होंने बस और ट्रांसपोर्ट संचालकों को सख्त हिदायत दी कि, वाहनों की ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग पर पूरी तरह लगाम लगाई जाए। निर्धारित रूट और समुचित पार्किंग व्यवस्था का कड़ाई से पालन हो, ताकि शहरों में जाम की स्थिति न बने। सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने के लिए 'सड़क सुरक्षा मितानों' के फीडबैक पर पुलिस तत्काल एक्शन लेगी।

## बैंक द्वारा ओडी खाता लॉक कर राशि कटौती का आरोप

# आयोग ने ग्राहक के खाते से काटी राशि बैंक से वापस दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बैंक द्वारा ग्राहक के ओवरड्राफ्ट खाते से बिना जानकारी राशि काटे जाने एवं सिबिल स्कोर खराब करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार बैंक को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादी के खाते से काटी गई राशि में शेष राशि 87536 रुपये एवं उपभोक्ता को मानसिक शारीरिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

### मानसिक क्षतिपूर्ति भी देनी होगी

आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि परिवादी द्वारा शेष राशि जमा किये जाने हेतु विरोधी पक्षकार से विभिन्न तिथियों में निवेदन किया गया परंतु राशि जमा नहीं किया गया है।आयोग द्वारा प्रेषित रजिस्ट्री लिफाफा को भी विरोधी पक्षकार के द्वारा लेने से इंकार किया गया। विरोधी पक्षकार द्वारा जवाबदावा एवं दस्तावेजों से परिवादी के परिवाद के तथ्यों का खंडन नहीं किया गया है इसलिए परिवादी का साक्ष्य अखंडनीय रहा है। विरोधी पक्षकार एक्सिस बैंक शाखा भाटापारा को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये विरोधी पक्षकार को शेष राशि 87536 रुपये कटौती दिनांक से परिवादी के खाते में जमा दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदान करेगा एवं मानसिक एवं शारीरिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15000 तथा बाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

### सिबिल स्कोर भी खराब करने की शिकायत

प्राप्त जानकारी अनुसार भाटापारा निवासी बृजमोहन आनंद द्वारा विरोधी पक्षकार एक्सिस बैंक भाटापारा में ओ.डी. खाता हेतु आवेदन दिया था जिस पर 5 वर्ष की अवधि के लिए खाता जारी किया गया। 3 माह पूर्व परिवादी द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन दिया गया परंतु बैंक द्वारा नवीनीकरण करने के स्थान पर उक्त अकाउंट को लॉक कर दिया गया तथा खाते से 372915 कंडोलेटेड व 9072 एक्स्ट्रा चार्ज बाबत राशि काटी गईं ब्याज राशि बाबत 197614 रूपये की कटौती की गईं। परिवादी द्वारा शिकायत करने पर नौ माह पश्चात 99000 वापस खाते में जमा कर दिया गया परन्तु शेष राशि वापस नहीं दिया गया। परिवादी का सिबिल स्कोर भी खराब कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

# छत्तीसगढ़ में पिछली बार 1.63 लाख मोतियाबिंद की सर्जरी, इस बार टार्गेट 2 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले वित्तीय वर्ष में 1.63 लाख मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने वाले छत्तीसगढ़ का टार्गेट बढ़ाकर केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने 2 लाख कर दिया है। पिछली बार के लक्ष्य में मिली 91 फीसदी सफलता के बाद ज्यादा ऑपरेशन करने का लक्ष्य दिया गया है। रायपुर जिले को 50 हजार ऑपरेशन करने होंगे। वहीं बिलासपुर को 22, दुर्ग को 15 और राजनांदगांव को इस वित्तीय वर्ष में 10 हजार ऑपरेशन करना होगा। मोतियाबिंद के होने वाले इस ऑपरेशन में निजी हास्पिटलों की भागीदारी 49 और शासकीय अस्पताल तथा एनजीओ की 51 फीसदी की भागीदारी है।

हरिभूमि सरोकार

मोतियाबिंद के कारण होने वाली अंधत्व की समस्या को दूर करने के लिए केंद्र सरकार नेत्र ज्योति योजना अभियान चला रही है। इसके तहत विभिन्न राज्यों को इस बीमारी के इलाज के लिए ऑपरेशन करने का टार्गेट दिया जाता है। छत्तीसगढ़ को पिछली 1.40 लाख का लक्ष्य दिया गया था, जिसके दिसंबर में पूरा होने के बाद केंद्र सरकार ने आंकड़ा बढ़ाकर 1.80 लाख कर दिया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शासकीय स्तर पर मौजूद अपने संसाधन, एनजीओ और प्रायवेट सेक्टर की मदद से 1.63 लाख ऑपरेशन कर 91 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा किया था। इस बार केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ को 2 लाख ऑपरेशन करने का टार्गेट दिया है।

इसमें विभागीय टीम अपने संसाधन की मदद से कैटरेक्ट प्रभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें अस्पतालों तक लाकर ऑपरेशन करने का काम पूरा करेगी। मिले लक्ष्य के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस टार्गेट का विभिन्न जिलों में बंटवारा किया है। इसमें रायपुर जिले को सर्वाधिक 50 हजार ऑपरेशन करने का लक्ष्य दिया गया है। पिछली बार जिले ने 30 हजार के टार्गेट की तुलना में ज्यादा ऑपरेशन कर 167 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की थी। रायपुर समेत 4 जिलों को बढ़ा टार्गेट के बाद अन्य जिलों को मौजूदा संसाधन के आधार पर ऑपरेशन करने के निर्देश दिए गए हैं।



**बांटे गए 90 हजार चश्मे :** मोतियाबिंद के ऑपरेशन के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत लोगों को पिछली बार कुल 90 हजार चश्मा वितरित किया है। इसमें 40 साल से अधिक उम्र के लोगों की आंखों की जांच कर पढ़ने में आने वाले समस्या को देखते हुए उन्हें 46 हजार चश्मा बांटा गया। इसी तरह स्कूलों में जांच अभियान चलाकर बच्चों को 44 हजार चश्मों का वितरण किया गया है। इस मामलों में भी स्वास्थ्य विभाग की अंधत्व निवारण ने 91 प्रतिशत एचीवमेंट हासिल किया।

**उपलब्ध संसाधन के आधार पर लक्ष्य**

*जिलों को उपलब्ध संसाधनों के आधार पर मोतियाबिंद की सर्जरी का लक्ष्य दिया गया है। रायपुर जिले में संसाधन ज्यादा है और यहां दूसरे जिले के मरीज भी आकर अपना ऑपरेशन कराते हैं जो उनके आंकड़ों में दर्ज होते हैं। समय पर जांच, पहचान और निःशुल्क उपचार की यह व्यवस्था हजारों लोगों के जीवन में नई रोशनी लेकर आई है। छत्तीसगढ़ को नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक मजबूत मॉडल के रूप में स्थापित कर रही है।*

*- डा. निधि अत्रीवाल, राज्य नोडल अफसर, राज्य अंधत्व निवारण प्रकोष्ठ*

### निजी अस्पतालों को 2 हजार का अंशदान

स्वास्थ्य विभाग राज्य के विभिन्न जिलों में मौजूदा संसाधनों के आधार पर मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवा रही है। इसके लिए निजी अस्पतालों को एमओयू के तहत प्रति ऑपरेशन 2 हजार रुपए का अंशदान दिया जाता है। इसके अलावा जिस जिलों में निजी हास्पिटल और एनजीओ की सुविधा नहीं है वहां से विभागीय डाक्टरों को समय-समय पर भेजकर शासकीय चिकित्सा संस्थानों में ऑपरेशन कराए जा रहे हैं। बलरामपुर, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए निजी सुविधा नहीं है।

### 15 जिले सीबीबीएफएस में शामिल पर सर्टिफिकेट नहीं

राष्ट्रीय नेत्र ज्योति योजना में मोतियाबिंद की सर्जरी कर कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलॉग फ्री स्टेटस का रायपुर समेत अन्य 15 जिलों ने दावा किया था। उस दौरान इस दावे के आधार पर केंद्रीय टीम द्वारा निरीक्षण कर उन्हें सर्टिफिकेट जारी किया जाना था मगर ऐसा नहीं हुआ। एक तरह से सीबीबीएफएस सर्टिफिकेट की योजना ठप पड़ गई। राज्य में कोरानाकाल के दौरान ऑपरेशन ठप हो गए थे, जिस कमी को पूरा करने विशेष अभियान चलाया गया था।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा में मनाया श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के हृदय स्थल शारदा चौक में स्थित श्री शंकर-हनुमान मंदिर में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा में श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। गौरतलब है कि 5 जून को श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ प्रातः कलश यात्रा के साथ किया गया। प्रथम दिवस सुकदेवजी का आगमन एवं भरत चरित्र, रविवार को नरसिंह एवं वामन अवतार, सोमवार को श्रीराम-श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथा प्रवक्ता पं राजेश शर्मा 'जैनम' हैं। मंगलवार को श्रीकृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन है।

### धूमधाम से मनाया चोले वाली अम्मा का वर्सी महोत्सव



**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में सोमवार को चोले वाली अम्मा का 20वां वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदास राम साहेब व संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अनेक गोदड़ीवाला धाम से श्रद्धालु व रायपुर की पूज्य सिंधी पंचायतों के मुखी व अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे अखंड धूनी साहेब के पाठ साहेब से हुई। इसके बाद आरती साहेब, भजन, सत्संग, सिमरन के कार्यक्रम हुए। शाम 5 बजे देवपुरी महिला मंडल का सत्संग, शाम 7 बजे से 8.30 तक माता मंडली व का गायक विनोद चावला चकरभाटा द्वारा भजन व सत्संग का कार्यक्रम हुआ। गोदड़ीवाला धाम में आशीर्वाद लेने प्रमुख रूप से मनुमल पृथवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, महेश दरयानी, परमानंद चिमनानी, इंदर तलरेजा, लधाराम नैनवानी, मुरली केवलानी, सर्वानंद मंधान आदि पहुंचे थे।

### देह व्यापार पर अंकुश लगाने की मांग

**रायपुर।** राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में 'स्पॉ सेंटर' और 'ब्यूटी पार्लर' की आड़ में देह व्यापार का घिनौना खेल चल रहा है। पूरे छत्तीसगढ़ को शर्मसार करने वाले इस संगठित अपराध के खिलाफ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने शासन-प्रशासन और उच्च पुलिस अमले को राज्यव्यापी गंभीरता को देखते हुए चौतरफा व्यापक जांच व कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), रायपुर कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से मांग की है राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश के सभी संवेदनशील थाना क्षेत्रों में एक साथ संयुक्त रूप से 'स्पेशल कंबाइंड टास्क फोर्स' बनाकर आकस्मिक छापामार कार्रवाई की जाए।

### रोपण किए जाने वाले ज्यादातर पौधे सागौन के साथ नीलगिरी के होंगे

# 22 सौ हेक्टेयर में वन विकास निगम लगाएगा 55 लाख पौधे, रायपुर में नहीं मिल पा रही जगह

**वन विभाग द्वारा रायपुर वनमंडल में महज 50 से 60 हजार पौधों का किया जाएगा रोपण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून सीजन शुरू होने के साथ ही वन विभाग के साथ वन विकास निगम ने पौधारोपण की तैयारी तेज कर दी है। इस वर्ष वन विकास निगम द्वारा पूरे प्रदेश में 54 लाख 56 हजार पौधारोपण किया जाएगा। इसके अलावा वन विभाग अलग से पौधारोपण करेगा। पूरे राज्य में 15 जून के बाद से पौधारोपण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा। वन विभाग राज्य में किन-किन जगहों पर पौधारोपण करेगा, यह अब तक तय नहीं है।

राज्य वन विकास निगम के एमडी प्रेम कुमार के अनुसार वन विकास निगम जिन क्षेत्रों में पौधारोपण करेगा, उन क्षेत्रों में कितने हेक्टेयर में किस प्रजाति का पौधारोपण किया जाएगा, उस प्रजाति के पौधों की संख्या निर्धारित कर ली गई है। पौधारोपण करने के लिए वन विकास निगम के अफसर जगह चिन्हांकित करने का काम कर रहे हैं। जगह चिन्हांकित होने के बाद 15 जून से पौधारोपण का कार्य किया जाएगा।

### सेटेलाइट से निगरानी

*जिन क्षेत्रों में वन विभाग तथा वन विकास निगम द्वारा पौधा रोपण किया जाएगा, उन क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सेटेलाइट से निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित वनमंडल के डीएफओ से पौधारोपण के बाद से स्टेटस रिपोर्ट तलब कर पौधों की जानकारी ली जाएगी। इस तरह के दावे वन विभाग के अफसरों ने किए हैं।*



फाइल फोटो

### वनक्षेत्र में सीड बाल से पौधारोपण

वनक्षेत्रों में सीड बाल की मदद से पौधारोपण किया जाएगा। हाथी प्रभावित क्षेत्र में पीपल के साथ अन्य फलदार पौधों के साथ कटहल जैसे पौधों का रोपण सीड बाल की मदद से किया जाएगा। अफसरों के अनुसार वनक्षेत्र में फलदार वृक्ष होने से हाथियों की रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश की संभावना कम हो जाएगी। इससे मानव हाथी द्वंद्व रोकने में मदद मिलेगी।

### जगह के लिए मोहताज हुआ रायपुर वनमंडल

डीएफओ लोकनाथ पटेल के अनुसार रायपुर वनमंडल में वन विभाग के पास जगह की कमी है। राजस्व विभाग की ओर से उन्हें पौधारोपण करने पर्याप्त जगह नहीं दी जाती। इस कारण यहां अन्य वनमंडलों की तुलना में कम क्षेत्रफल में पौधारोपण होता है। अफसर के अनुसार इस मानसून सीजन में रायपुर वनमंडल में 50 से 60 हजार पौधारोपण होने की उम्मीद है। निःशुल्क 10 से 15 लाख पौधा वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को अपने खेत में पौधारोपण करने किसान मित्र योजना के तहत डेढ़ से दो लाख पौधा देने का लक्ष्य निर्धारित है।

### इन प्रजातियों के पौधों का इतनी संख्या में होगा रोपण

*विभाग द्वारा प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक वन विकास निगम नीलगिरी के साथ ही सागौन पौधों का रोपण करने का काम करेगा। जिन दो प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा, उन प्रजातियों में 1080 हेक्टेयर में वर्षा आधारित 27 लाख सागौन रोपण (रूट शूट) के माध्यम से किया जाएगा, जबकि 375 हेक्टेयर में नौ लाख 37 हजार 500 नीलगिरी पौधों का रोपण किया जाएगा। हरियर छत्तीसगढ़ कोष से 96 हेक्टेयर में दोनों प्रजाति के एक लाख छह हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। 685 हेक्टेयर के क्षेत्रफल को डिपाजिट रोपण के लिए सुरक्षित किया गया है। डिपाजिट 685 हेक्टेयर में 17 लाख 12 हार 500 पौधों का रोपण किया जाएगा।*

# पांच सूत्रीय मांगें, नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ का धरना 13 जुलाई को

- नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 13 जुलाई से अनिश्चितकालीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नव नियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना देगा।

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर लामबंद कर्मचारी अधिकारी 13 जुलाई से अपनी लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरना देंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी का कहना है कि नगरीय निकाय के कर्मचारियों अधिकारियों की लंबित मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने से कर्मचारी नाराज हैं। हमने संचालक नगरीय प्रशासन विभाग, सचिव नगरीय प्रशासन को अपने मांगों से अवगत करा दिया है। मांग पूरी नहीं होने पर 13 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना देंगे।



**प्रमुख मांग**

- नगरीय निकाय के कर्मचारियों को प्रति माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से सुनिश्चित किया जावे।
- नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में नियमित पद पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए अन्य शासकीय विभागों की भांति ओल्ड पेंशन योजना जल्द लागू करने की मांग।
- नगरीय निकायों में तृतीय व चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए नए सेटअप स्वीकृत की जावे।
- नगरीय निकाय के कर्मचारियों, अधिकारियों को सातवें वेतनमान एरियर्स की राशि के शीघ्र भुगतान की स्वीकृति देने की मांग।
- निकाय के कर्मचारियों का विगत 2 से 4 वर्ष तक निकाय एवं संचालनालय स्तर पर जमा नहीं किए गए एनपीएस, जीपीएफ कटौती की राशि को जीपीएफ खाते में शीघ्र जमा कराई जावे।

# प्रधानमंत्री आवास की किस्तें अटकी, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई हितग्राहियों को किस्त की राशि मिल नहीं पाई है, जिसके कारण उनके आवास अधूरे पड़े हुए हैं, जिससे उनकी परेशानी बढ़ी हुई है। जिले के आरंग क्षेत्र के ग्राम ओड़का में कई हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन स्वीकृति के बाद किसी को पहली के बाद दूसरी किस्त पिछले कई महीनों से मिल नहीं पाई है, तो किसी को पहली किस्त ही जारी नहीं हुई।

रायपुर नगर निगम सीमा से लगे सेजबहार-मुजगहन क्षेत्र में भी कई हितग्राहियों की किस्त अटकी हुई है। इस क्षेत्र में रहने वाले नैना जोशी, लीलाधर साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसके सपनों के आवास का निर्माण हो रहा है। इसकी पहली एवं दूसरी किस्त जारी हुई है, लेकिन तीसरी एवं चौथी किस्त अभी तक नहीं मिली है। लीलाधर साहू, नैना जोशी को भी आवास की पहली किस्त मिली है, लेकिन दूसरी किस्त अब तक मिल नहीं पाई है। किस्त नहीं मिलने से उनके आवास भी अधूरे पड़े हुए हैं।




### कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत के बाद भी निराकरण नहीं

ग्राम ओड़का के रहने वाले ग्रामीणों में बाबूलाल मारकंडे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसने आवेदन किया था, जिसे अप्रैल 2025 में स्वीकृति मिल चुकी है। इस स्वीकृति के बाद प्रथम किस्त जारी करने के लिए उनके कच्चे घर की फोटो खींचने के लिए टीम आई थी, लेकिन अब तक किस्त जारी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत भी की है, जिसका निराकरण अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके गांव में ऐसे कई हितग्राही हैं, जिनमें बहुतों को दूसरी किस्त जारी नहीं हुई है। इसके कारण उनके आवास भी अधूरे पड़े हुए हैं।

### परसदा सोंठ में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, 1165 आवेदनों का मौके पर निराकरण

**रायपुर।** अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा सोंठ में सोमवार को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के कई गांव से लोग अपनी समस्या और मांग लेकर पहुंचे थे। इस शिविर में 1165 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में क्षेत्र के विधायक इन्द्रकुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम अभनपुर रवि सिंह, सीईओ जनपद दीपक ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। शिविर के दौरान हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड, नवीनीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा कृषि विभाग ने किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड बनाकर हितग्राहियों को दिए। समाज कल्याण विभाग से संबंधित आए आवेदन पर दिव्यांगजनों को साइकिल एवं ट्राईसिकल वितरित किया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई।

# वेयर हाउस निरीक्षण में पहुंचे राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू एक दिवसीय दौरे पर खरोरा पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान स्थानीय विश्रामगृह में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन में चल रहे विभिन्न गतिविधियों पर कार्यकर्ताओं से विस्तृत विचार विमर्श किया तथा सभी कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं दिशा निर्देश दिए। मोदी जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चल रही विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने खरोरा स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन का निरीक्षण करते हुए खरोरा के कार्यालयीन रिकॉर्ड गोदाम में संग्रहित चावल, गोदाम साफ सफाई, रखरखाव चावल के भंडारण का अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए एवं खरोरा के गोदाम में भंडारण क्षमता के बारे में भी अधिकारियों से पूछताछ की। उन्होंने कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि चावल के भंडारण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही गोदाम में रखे हुए चावल का भी सैंपल लिया। किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं प्राथमिक सहकारी समिति खरोरा के पूर्व अध्यक्ष रमेश शर्मा ने खाद्यान्न की भंडारण की क्षमता को देखते हुए अतिरिक्त गोदाम निर्माण की मांग की है। इस संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 36 शाखाओं पर 234 हजार मेट्रिक टन के नवीन गोदाम का निर्माण कार्य वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा अध्यक्ष की अध्यक्षता पर बनाया जा रहा है।

उक्त नवीन गोदाम की गोदाम निर्माण लागत 160 करोड रुपए की है। इसके निर्माण कार्य राशि का संपूर्ण व्यय राशि का भुगतान वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा किया जाएगा ।इसके टेंडर इत्यादि जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। वहां कार्यरत कर्मचारियों ने गोदाम की समस्या एवं विभिन्न पहलुओं पर अध्यक्ष को अवगत कराया। गोदाम में कार्यरत हमालों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाते हुए कहा कि यहां पानी और शौचालय की मरम्मत करने की सख्त जरूरत है जिसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस एक दिवसीय प्रवास के दौरान नरेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश शर्मा, सुमित सेन,अनिल सोनी, सुरेंद्र वर्मा, घनश्याम चंद्राकर, दीपक धनकर, सूरज सोनी, सावन शर्मा, रश्मि वर्मा, शकुंतला कोसले, पूर्णिमा धनकर एवं नान गोदाम के शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार गर्ग, गोदाम प्रभारी पुष्पेंद्र पाध्याय, मनोज वर्मा, मोरध्वज के साथ ही नान के अधिकारी कर्मचारी एवं हमाल उपस्थित थे।

# ढेरों योजनाएं पर सभी अधूरी... मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल कैसे बनेगा स्टेट ऑफ आर्ट

- सुविधाओं के विस्तार के लिए आधा दर्जन से ज्यादा घोषणाएं लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हो रही
- निर्माण से संबंधित पांच बड़ी योजनाएं, जरूरी उपकरण खरीदी के मामले में पड़ी हैं लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आधुनिक सुविधाओं से लैस कर शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर और उससे संबंधि आंबेडकर अस्पताल को स्टेट ऑफ आर्ट बनाने की मंशा पूरी होती नजर नहीं आ रही है। यहां चिकित्सा शिक्षा और मरीजों के इलाज की सुविधाओं से संबंधित ढेरों योजनाएं बनाई गई हैं, जो प्रक्रियाओं में उलझी होने की वजह से अब तक शुरू नहीं हो पाई हैं। इनमें कालेज और अस्पताल से संबंधित पांच बड़ी योजनाएं और जरूरी उपकरण खरीदी के कई मामले हैं।

खास खबर

बेहतर इलाज की आस में आंबेडकर अस्पताल आने वाले मरीजों को निराश नहीं होना पड़े, इसके लिए आंबेडकर अस्पताल को सुविधायुक्त बनाने के लिए समय-समय पर विभिन्न योजनाएं बनाकर घोषणाएं की गई हैं, मगर काफी समय बाद भी इस काम शुरू नहीं हो पाया है। आंबेडकर अस्पताल की सबसे बड़ी समस्या मरीजों की जरूरतों के हिसाब से वार्डों का छोटा पड़ना है। इसके लिए दो साल पहले यहां सवा तीन सौ करोड़ की लागत से सात सौ बिस्तर की क्षमता वाला भवन बनाने की घोषणा हुई। इसका भूमिपूजन भी किया गया, मगर इसके बाद से काम निर्माण एजेंसी तय करने पर अटका है। इस भवन को तमाम सुविधाओं से लैस कर आकार देने की जिम्मेदारी लेने वाली सीजीएमएससी टेंडर प्रक्रिया से बाहर ही नहीं निकल पा रहा है।

इसी प्रकार यहां काफी पुरानी हो चुकी जांच मशीनों को बदलने के लिए राशि स्वीकृत की जा चुकी है। यहां मशीन और उपकरण खरीदने का काम भी सीजीएमएससी के पास है, जो पूरा ही नहीं हो पा रहा है। अस्पताल से संबंधित मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने वाले चिकित्सा छात्रों के लिए यहां हास्टल का निर्माण किया जा रहा है। दो से तीन साल बीतने के बाद भी हास्टल का काम पूरा नहीं हो पाया है। यहां के चिकित्सा छात्र इसे लेकर कई बार विरोध प्रदर्शन भी कर चुके हैं, जिसके बाद उनके आवास के लिए किराए के भवन की व्यवस्था की गई है।

### इन मशीनों का मामला भी अटका

1. अस्पताल के कैंसर विभाग में पैट सीटी मशीन को चालू करने की प्रक्रिया केवल घोषणाओं तक सीमित है।
2. रेडियो डायग्नोसिस विभाग में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदने की घोषणा अटकी पड़ी है।
3. पैथोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री व माइक्रो बायोलॉजी विभाग के लिए भी एडवांस मशीन खरीदने की योजना है।
4. कैंसर विभाग की सीटी सिम्युलेटर सहित अन्य मशीन भी पुरानी है, नई खरीदने का प्रस्ताव भी लंबित है।





***तीन सालों से बन रहा कार्डियक सर्जरी का ओटी :*** *ज्यादा हृदय रोगियों के इलाज और ऑपरेशन के लिए संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के सर्जरी विभाग के लिए दो ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम शुरू किया गया था। करीब तीन साल बीतने के बाद भी ओटी बनकर तैयार नहीं हुआ है। यहां आने वाले मरीजों के ऑपरेशन पुराने ओटी में पुराने संसाधनों की मदद से पूरे किए जा रहे है। इस बजट में भी एसीआई को सुविधाओं से लैस करने के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।*

### एल-2 ट्रामा, कैंसर भवन के विस्तार का पता नहीं

अस्पताल में एल-2 ट्रामा संग क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने के अलावा कैंसर मरीजों के इलाज के लिए ज्यादा जगह की व्यवस्था करने सात मंजिला भवन बनाने की योजनाओं का पता नहीं है। दोनों योजनाओं के लिए राशि की मंजूरी काफी समय मिल चुकी है। इसके निर्माण के लिए भी अलग-अलग एजेंसी तय हो चुकी है मगर काम कब शुरू होगा इसका कोई अता-पता नहीं है।

# क्रीड़ा मद की राशि का उपयोग खेल गतिविधियों में, विरोध में संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं विकासखंड स्तर से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित की जाती हैं। इन प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु विकासखंड स्तर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया जाता है, जो आगे जिला स्तर पर अपने विकासखंड का प्रतिनिधित्व करते हैं।छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ, जिला इकाई रायपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय रत्नाकर एवं सचिव बृजभूषण ठाकुर ने बताया कि विकासखंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु खेल सामग्री, मैदान व्यवस्था, खिलाड़ियों के आवागमन, भोजन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त राशि की आवश्यकता होती है। राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कराने का अतिरिक्त आर्थिक भार विद्यालयों को वहन करना पड़ रहा है।संघ द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन एवं खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर डॉ. हिमांशु भारती को ज्ञापन सौंपा गया तथा प्रत्येक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक राशि जारी करने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से बी.आर. साहू प्रमुख सलाहकार, छाया प्रकाश राव जिला क्रीड़ाधिकारी रायपुर, पीताम्बर पटेल पूर्व प्रदेश महासचिव, राकेश प्रधान पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष, डॉ. विजय रत्नाकर जिलाध्यक्ष, बृजभूषण ठाकुर सचिव, लाल बहादुर सोनकर, पुष्पेंद्र बरमाल, मयंक दीवान, कुंतल बाघमार एवं संदीप गोविलकर उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा यात्रा-भोजन भत्ता



### क्रीड़ा मद की राशि के उपयोग में अनियमितता

ज्ञात हो कि विकासखंड स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के संचालन हेतु प्रत्येक विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों द्वारा क्रीड़ा मद में प्राप्त राशि का 10 प्रतिशत भाग विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया जाता है। नियमानुसार इस राशि का उपयोग जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को यात्रा एवं भोजन भत्ता उपलब्ध कराने तथा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन व्यय हेतु किया जाना चाहिए। किंतु वर्तमान में अधिकांश विकासखंडों में न तो खिलाड़ियों को यात्रा एवं भोजन भत्ता प्रदान किया जा रहा है और न ही प्रतियोगिता आयोजन करने वाले विद्यालयों को आवश्यक व्यय राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन के मुख्य वक्ता होंगे इंद्रेश कुमार

**रायपुर।** आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ व संविधान हत्या दिवस 25 जून के अवसर पर प्रदेश के लोकतंत्र सेनानी व प्रहरियों का विशाल सम्मेलन 28 जून को मेडिकल कॉलेज स्थित पं. अटल बिहारी वाजपेई सभागृह में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठतम प्रचारक व राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संस्थापक इंद्रेश कुमार होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि आपातकाल के 51वीं वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल व सहयोग से लोकतंत्र प्रहरी द्वारा विद्यालय महाविद्यालय स्तर पर आपातकाल विस्मृत न हो तथा 25 जून संविधान हत्या दिवस की प्रासंगिकता विषय पर छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतियोगियों को 31, 21 व 11 हजार रुपए, इसी प्रकार महाविद्यालय प्रतियोगियों को भी 31 हजार, 21 हजार व 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार व शील्ड प्रदान किए जाएंगे। लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने जानकारी दी कि 28 जून को अतिथियों के हाथों प्रहरी द्वारा प्रकाशित आपातकाल योद्धा स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। श्री उपासने ने बताया कि अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह से एवं समस्त भाग लेने वाले 520 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया कल से

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक में सत्र 2026-27 के लिए कुल 120 सीटों तथा लेटरल एंट्री की सीटों में प्रवेश के लिए संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया का प्रथम चरण 11 जून तथा द्वितीय चरण 26 जून से प्रारंभ हो रही है। प्रवेश ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से ही होगा।

## नगर पालिका में स्वनिधि महोत्सव, 15 से 50 हजार तक मिलेगा आसान ऋण

# शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, स्वनिधि योजना पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगर पालिका द्वारा लोक कल्याण स्व- निधि मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छोटे व्यवसाय करने वाले गरीब एवं असंगठित श्रमिक, महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना प्रमुख है।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने नगरीय निकाय में छोटे धन्दा, व्यवसाय के माध्यम से अपने परिवार का जीवकोपार्जन करने वाले व्यवसायी शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाते हुए सरलतम ढंग से लोन प्राप्त कर अपना व्यापार व्यवसाय को और भी आगे बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के छोटे व्यवसायी जो मुख्य रूप से फल, सब्जी, बैग सिलने, छोटी वेल्डिंग मशीन चलाने, चाय-नाश्ता,टोकनी सुपा झाड़ू, का व्यापार व व्यवसाय करने वाले लोगों को शासन के द्वारा बिना गारंटी के कार्यशील पूंजी पर ऋण प्रदाय किया जा रहा है, जिसमें व्यवसायी को पहले 15 हजार का ऋण प्रदाय किया जाएगा, उक्त ऋण को निर्धारित समय पर जमा किए जाने से दूसरा ऋण 25 हजार व भुगतान पर तीसरा ऋण 50 हजार भी प्राप्त करने के लिए व्यवसायी पात्र होंगे, जिसका ब्याज सब्सिडी 7 प्रतिशत वार्षिक रखा गया है। शहरी क्षेत्र के शहरी पथ विक्रेताओं के लिए स्व- निधि महोत्सव कल्याण मेला का आयोजन किया गया है 17 जून 2026 को नगर भवन में शहरी पथ विक्रेता के लिए ऋण प्रदाय हेतु शासन की महत्वपूर्ण योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त कर सकते हैं, इस दौरान सभी बैंक के अधिकृत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। व हितग्राही अपना आवेदन निकटतम बैंक, सी एस सी सेंटर अथवा नगर पालिका में या फिर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज में नगरी निकाय द्वारा जारी वेंडिंग सर्टिफिकेट, वेंडर परिचय पत्र, बैंक खाता पासबुक, एवं आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, व पासपोर्ट साइज फोटो साथ जमा कर सकते हैं। उक्त योजना के अंतर्गत नगरपालिका द्वारा अब तक 511 शहरी पथ विक्रेताओं को लाभान्वित किया जा चुका है, डिजिटल साक्षरता से जोड़ने के साथ ही शहरी शहरी पथ विक्रेताओं वेंडर के अध्ययनरत बच्चो को पुरस्कृत करने के साथ ही जो वेंडर समय पर ऋण अदायगी कर अपने व्यापार व्यवसाय को आगे बढ़ाने में निरंतर शासन की योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं ।




# पीएम श्रीनवीन प्राथमिक शाला में समग्र समर कैंप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

पीएम श्री नवीन प्राथमिक शाला खरोरा, संकुल केंद्र खरोरा में 1 जून से 15 जून तक समग्र समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के 9वें दिवस पर बच्चों को बांस से विभिन्न उपयोगी सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बांस शिल्प विशेषज्ञ उषा कंडरा को विद्यालय में आमंत्रित किया गया। उन्होंने बच्चों को बांस से सूपा, टोकरी एवं पंखा बनाने की विधि सिखाई। बच्चों ने अत्यंत उत्साह एवं रुचि के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा कई बच्चों ने स्वयं भी इन वस्तुओं का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण सत्र के पश्चात बच्चों के लिए बैलून गेम का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में ज्ञानेश्वरी पाल एवं प्रधानपाठिका इन्द्राणी वर्मा की विशेष सहभागिता रही।

समग्र समर कैंप के सफल संचालन हेतु संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं क्रमवार तीन-तीन दिवस उपस्थित रहकर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। प्रतिदिन बच्चों को स्वल्पाहार वितरित किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के साथ दिवस की गतिविधियों का समापन किया गया। यह जानकारी संस्था प्रमुख एवं प्रधानपाठिका इन्द्राणी वर्मा द्वारा प्रदान की गई।

# ब्लॉक मेडिकल संघ के दुष्यंत साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

परिक्षेत्र मेडिकल संघ का बहुप्रतीक्षित चुनाव कार्यक्रम रविवार को सामुदायिक भवन बिलाईगढ़ में हुआ। चुनाव में क्षेत्र के मेडिकल स्टोर संचालकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कर संघ की लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत किया।



चुनाव परिणामों में दुष्यंत साहू साईं मेडिकल स्टोर्स, बेलटिकरी ने अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की, जबकि अश्वनी साहू उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए संघ के हित में बेहतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। चुनाव में विपक्ष ने भी मजबूत और सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज कराई। अध्यक्ष पद के लिए सत्यनारायण डडसेना (राहुल मेडिकल स्टोर, गोविंदबन) तथा उपाध्यक्ष पद के लिए किशोर राकेश (बालाजी मेडिकल स्टोर्स, टुंडरी) ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। चुनावी मुकाबला सौहार्दपूर्ण एवं स्वस्थ लोकतांत्रिक भावना के साथ संपन्न हुआ, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की। संघ की ओर से चुनाव कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों, सहयोगकर्ताओं एवं आयोजन समिति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सभी के सहयोग, अनुशासन, आपसी भाईचारे और संगठनात्मक एकता के कारण चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सफल रही।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के मेडिकल व्यवसायियों ने संगठन की मजबूती, सदस्यों के हितों की रक्षा तथा मेडिकल व्यवसाय से जुड़े मुद्दों पर मिलकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। चुनाव के सफल आयोजन को लेकर सदस्यों में विशेष उत्साह देखा गया और नवनिर्वाचित टीम से संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई। बिलाईगढ़ परिक्षेत्र मेडिकल संघ ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी संगठनात्मक एकता एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

### 'बेटा बचाओ आंदोलन' का राज्यव्यापी शुभारंभ 14 को

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी के नेतृत्व में 'बेटा बचाओ आंदोलन' का राज्यव्यापी शुभारंभ 14 जून को अमलीडीह रायपुर ग्रामीण विधानसभा से होगा। अगले एक माह में यह आंदोलन छत्तीसगढ़ के सभी 5 संभागों में औपचारिक रूप से लांच किया जाएगा। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने बताया, पार्टी अध्यक्ष श्री जोगी की अध्यक्षता में रविवार को जोगी निवास रायपुर में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में 'बेटा बचाओ आंदोलन' की राज्यव्यापी लांचिंग की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। श्री नायक ने बताया कि यह आंदोलन छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रभावित कर रहे बेरोजगारी, अवसाद, नशा और अपराध की जहरीली जंजीर को तोड़ने के लिए एक जनआंदोलन के रूप में शुरू किया जा रहा है।

# अरूण छाबड़ा को छग सिख संगठन लेडिस विंग ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा



छत्तीसगढ़ सिख संगठन लेडिस विंग द्वारा सिक्खी स्वरूप एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 250 बच्चों ने भाग लिया। इसी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को मानव सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में गोल्डन बूक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड समाज सेवी संस्थाएं, मानद उपाधि डॉक्टरेट दिल्ली, वर्ड रिकॉर्ड आप एक्सलैंस इंग्लैंड मुंबई, फिल्म हीरो रजा मुराद द्वारा एंटी करेपसन फाऊंडेशन आफ चंडीगढ़, जयाप्रदा वालीवूड एक्ट्रेस द्वारा गोलबल लीडर सिप अवार्ड हैदराबाद, पिता की स्मृति में निशुल्क स्वर्ग रथ शव वाहन की में 500 से अधिक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य अरूण बंटी छाबड़ा ने नगर में नारी सम्मान, निशुल्क समर कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप मेडिकल कैंप,पर्यावरण, सामाजिक धार्मिक साहित्यिक शिक्षा खेल-कूद सेल्फ डिफेंस, जुडो कराटे, गतका,सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

उनके सम्मान समारोह में अमरजीत सिंह छाबड़ा अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, गुरचरण सिंह होरा, परमिंदर सिंह भाटिया हरपाल सिंह भांमरा, दलजीत चावला, लवली अरोरा, गुरु भेज सिंह मनमीत सिंह, रंजीत अरोरा, गुरुचरण सिंह, गुरुभेज सिंह टोनी, नीकू सलूजा, सचिन मोनू सलूजा, लेडिस विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता अरोरा, रूमी सलूजा, तरण अरोरा, रूबी गांधी, गुरमीत छाबड़ा, गुरुनीश कौर, मनदीप कौर आदि अपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### खैरी नाला पर...

यादव, वरिष्ठ नागरिक बिहस कलिहारी, वृजभान यदु, वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा ध्यानाकर्षण कराए जाने पश्चात भी पुलिया नहीं बनने पर नाराजगी व्याप्त है।

### सड़क के बीच ...

कई राहगीर असंतुलित होकर गिर चुके हैं और चोटिल भी हुए हैं। रात के समय तथा बारिश के मौसम में यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है।

इंदिरा कॉलोनी निवासी राकेश ध्रुव तथा स्थानीय व्यवसायी विक्की वर्मा और भूपेंद्र साहू ने बताया कि क्षतिग्रस्त नाली के कारण लंबे समय से क्षेत्रवासी परेशान हैं। उनका कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार नाली की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कई दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर यहां गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन अब तक न तो मरम्मत कार्य शुरू किया गया है और न ही सुरक्षा के लिए किसी प्रकार की चेतावनी पट्टिका या बैरिकेडिंग लगाई गई है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इसी मार्ग से होकर क्षेत्र के श्रद्धा केंद्र गायत्री मंदिर और शिव मंदिर तक पहुंचा जाता है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क के बीच धंसी और क्षतिग्रस्त नाली न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रही है, बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा बन गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित करेगा।

### ब्लॉक मुख्यालयों में ...

बच्चों के माता -पिता को जागरूक करें। अगले 6 माह में 90 प्रतिशत बच्चों में कुपोषण दूर करने का लक्ष्य निर्धारित करें। आंगनबाड़ी में लगभग 1400 बच्चे गंभीर कुपोषित हैं।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 कचरा प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक और सख्त बनाने के लिए 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गए हैं। इन नियमों में स्थानीय निकायों पर बोझ कम करके सीधे कचरा उत्पन्न करने वालों की जवाबदेही तय कर जुर्माना का भी प्रावधान किया गया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने नगरीय निकायों के साथ -साथ ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन, सेग्रीगेशन एवं निस्तारण की पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण मंडल एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को फैक्ट्री परिसर में कचरा निपटान व्यवस्था को सख़्ती से लागू कराने कहा।कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 3 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का 31 जुलाई तक निराकरण के लिये रणनीति बनाने तथा समय सीमा से बाहर के आवेदनों का भी जल्द निराकरण के निर्देश दिये।उन्होंने आरबीसी 6-4 के तहत स्वीकृत राशि को सम्बंधित के खाते में शीघ्र अंतरित करने कहा। उन्होंने कार्य के लिए किसी तरह की एजेंट सामने आने पर उन पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने स्वयं कुछ हितग्राहियों से फ़ोन पर बात की और भुगतान की जानकारी ली।

### यातायात व्यवस्था को...

अस्पताल पहुंचाया। उनकी इस तत्परता से कई परिवारों के चिराग बुझने से बच गए। पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा द्वारा इन चारों जागरूक नागरिकों को /"गुड सेमेरिटन/" (नेक मददगार) के रूप में प्रशस्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वाले जिले के गौरव में लोकेश साहू ग्राम मनोहरा थाना हथबंद, मोहम्मद शाहिद रजा कंकालिन पारा सिमगा, मनोज माण्डे ग्राम दरचुरा सिमगा और नारायण पाल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत दरचुरापुलिस अधीक्षक की अपील- सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा, सड़क दुर्घटना के बाद का पहला घंटा (गोल्डन ऑवर) घायल की जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। लोग बिना किसी डर के घायलों की मदद के लिए आगे आएं। इस महत्वपूर्ण बैठक में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात, जिला के यातायात शाखाओं के प्रभारियों सहित भारी संख्या में बस एसोसिएशन के पदाधिकारी, ट्रांसपोर्टर्स और सजग नागरिक उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष के समक्ष सांवरा डेरा की महिलाओं ने रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार




नगर के समीप स्थित सांवरा डेरा ग्राम कुकुरदी की लगभग 50 महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन से एक सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान महिलाओं ने क्षेत्र में आ रही व्यावहारिक परेशानियों को लेकर चर्चा की और शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं।

मांग में कहा कि राशन एवं शासन की सुविधा प्रारंभ से ही नगर बलौदा बाजार से प्राप्त होते रही है। राशन कार्ड, आधार कार्ड,व जन्म मृत्यु संबंधी प्रमाण पत्र नगर बलौदा बाजार का बना हुआ है, इसी के अनुरूप शासन स्तर पर मिलने वाली योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ भी बलौदाबाजार से ही मिलना चाहिए। इस मांग को लेकर लगभग 50 महिलाओं ने चर्चा कर शासन स्तर तक अपनी बात पहुंचाने मुलाकात की गई, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उक्त मांग पर विचार किए जाने एवं शासन नियमों के अधीन कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस चर्चा एवं मुलाकात के दौरान नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, सभापति हरजीत सिंह सलूजा, कन्हैया सेन, पार्षद अमितेष नेताम, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सहित अन्य नागरीक गण व सांवरा डेरा की महिलाएं उपस्थित थी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# मनरेगा के डबरी से बंजर भूमि हुई सिंचित, वनांचल के किसानों की बढ़ी आमदनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मनरेगा से लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ ही स्थायी परिसम्पत्ति का निर्माण भी हो रहा है। मनरेगा के तहत निर्मित डबरी के पानी का उपयोग फसल सिंचाई में होने से बंजर भूमि में फसल की बेहतर पैदावार और उत्पादन में वृद्धि हुई जिससे किसान की आमदनी भी बढ़ी। आस -पास के क्षेत्र में वाटर रिचार्ज भी हुआ। विकासखंड कसडोल के दूरस्थ ग्राम पंचायत मुढीपार के आश्रित ग्राम भोथाही में अधिकांश जनजाति परिवार रहते है। यहां के लोग मुख्य रूप से वनोपज, कृषि एवं मनरेगा मजदूरी पर निर्भर रहते है। इसी गांव की अनुसूचित जनजाति परिवार की हितग्राही सावित्री धर्नुहार ने अपने वन अधिकार पट्टा जमीन पर वर्ष 2025 में मनरेगा से डबरी निर्माण कराया है। डबरी निर्माण होने से लगभग 3 एकड़ भूमि सिंचाई हो रही है। सावित्री धर्नुहार के कृषि भूमि के आसपास कृषक मनी राम, नेहरू, लक्षण के खेतों का डबरी के माध्यम से सिंचाई हो रहा है। खरीफ के समय पहले इनके खेतों का फसल लेने में पानी के अभाव में फसल तैयार करने में दिक्कत होती थी, डबरी बन जाने से खेतों के लिये पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। डबरी निर्माण से सवित्री धुर्नहार की आय में वृद्धि हुई है।

## वन अधिकार पट्टा मिलने से कई योजनाओं का मिला लाभ



### डबरी निर्माण से बढ़ी सुविध

हितग्राही सावित्री धर्नुहर ने बताया कि ग्राम पंचायत मुढ़ीपार के ग्रामसभा में अपने वन पट्टा प्राप्त भूमि में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार के माध्यम से डबरी निर्माण की मांग रखी। इस पर ग्राम पंचायत के द्वारा जनपद पंचायत कसडोल में कार्य स्वीकृति हेतु तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन में डबरी निर्माण का पंचायत प्रस्ताव, नक्शा, खसरा एवं आवश्यक दस्तावेज जमा किया गया। इसके बाद जिला पंचायत द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्ति उपरांत कार्य प्रारंभ कराया गया।वन अधिकार पट्टा मिलने से शासन की कई योजना का लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### लुकेश कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि

**मुंडा**। ग्राम कोलिहा के लुकेश कुमार वर्मा को समाजशास्त्र में पीएचडी प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव तथा परगिया कुर्मी समाज में हर्ष है। इस शोध कार्य में शोध निर्देशक डॉ. योगमाया उपाध्याय, डॉ. एनके स्वामी, डीन, डॉ. मोहित चेलक, सहायक प्रध्यापक आई, एसबीएम विश्व विद्यालय छुरा गरियाबंद का अहम भूमिका रही। शोध कार्य में उनके माता-पिता, गुरुजन, पत्नी, भाई-बहन के साथ साथ समाज प्रमुख नरेन्द्र वर्मा, जीवराखन वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, चक्र सुदर्शन वर्मा, तुलाराम वर्मा, हलधर प्रसाद वर्मा, लहाराम वर्मा, रामकृपाल वर्मा, शिव वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, गांव के सम्मानितजन हरीकिशन वर्मा, महेश वर्मा, रामचंद्र वर्मा, लोमश वर्मा, दुर्गेश वर्मा, का विशेष सहयोग रहा।

### मुरारी उपाध्याय को पीएचडी की उपाधि



**संडी बंगला**। ग्राम खैरा निवासी मुरारी उपाध्याय को हिंदी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा कला संकाय अंतर्गत हिंदी विषय में शोध कार्य पूर्ण करने पर प्रदान की गई। मुरारी उपाध्याय का शोध विषय स्त्री मुक्ति संघर्ष और जया जादवानी का कथा साहित्य रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के शोध केंद्र से पूर्ण किया। उनके शोध निर्देशक डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी एवं सह-शोध निर्देशक डॉ. अभिनेष सुराना रहे। शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय मुरारी उपाध्याय के विभिन्न शोध-पत्र प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने पिता भगत प्रसाद उपाध्याय, माता सीता देवी उपाध्याय, शोध निर्देशकों, पत्नी टीना उपाध्याय तथा पुत्री अनाया के सहयोग और मार्गदर्शन को दिया है।

## अनदेखी : रेलवे क्रॉसिंग के जाम में फंसी अर्थी, परिजनों में फूटा आक्रोश

# रेलवे क्रासिंग पर लग रहा जाम ग्रामीणों ने की ओवरब्रिज की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम खैरताल में स्थित रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल रही है। रेलवे का गेट बंद रहता है और ट्रेनों को आउटर पर ही खड़ी हो जाने की नौबत आ जाती है। यहाँ आये दिन गेटमैन की मनमानी के चलते ट्रेन निकलने के काफ़ी देर बाद तक गेट न खुलने से जाम की स्थिति बन जाती है। देर से गेट खुलने के कारण दूसरी ट्रेन आने का समय हो जाता है और क्रासिंग पर भयंकर जाम लग जाता है। वर्षों से लोग यहाँ पर ओवरब्रिज कि मांग कर रहे हैं।

मगर संयंत्र के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। वहीं एक ताजा मामला सोमवार के सुबह 10 बजे के आसपास देखने को मिला, जिसमें मृतक के परिजन क्रासिंग जाम के स्थिति में काफी देर तक अर्थी को कंधे में लेकर खड़े रहे। इस रैवये के चलते परिजनों सहित ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।



### पूरे दिन रहती है जाम की स्थिति

खैरताल के क्रासिंग पॉइंट पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इस दौरान जाम में फंसे लोग परेशान नजर आये। खैरताल मोड़ से भद्रापाली रोड व मल्दी मोपर तक बड़े व छोटे वाहनों का आवागमन बाधित हो जाता है। गेट बंद हो जाने से स्कूली बच्चे व कामकाजी लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते है। क्षेत्रवासियों ने शासन व जिला प्रशासन से जाम की समस्या से निजात दिलाते हुए रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की है।

# सेमराडीह में बड़े तालाब गहरीकरण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ग्राम सेमराडीह में जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा बड़े तालाब के गहरीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस जनहितैषी पहल का स्वागत किया।

- ग्रामीण विकास की दिशा में संयंत्र की सराहनीय पहल

भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र वर्मा, प्रमिला शर्मा, डॉ. राधेश्याम वर्मा, पिंकू ध्रुव, कीर्ति गिरी, टीकाराम ध्रुव, बेडराम यादव, रामकुमार वर्मा, गोपाल साहू, राजू गिरी, अशोक वर्मा, बीरेन्द्र बघेल सहित गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि गांव के बड़े तालाब का गहरीकरण होने से वर्षा जल का अधिक मात्रा में संचयन हो सकेगा। इससे गर्मी के दिनों में भी तालाब में पानी उपलब्ध रहेगा, जिसका लाभ ग्रामीणों, पशुपालकों एवं किसानों को मिलेगा। उन्होंने श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण विकास एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे गांव के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया। ग्रामीणों के अनुसार श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा यह प्रयास न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम है, बल्कि ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता का भी परिचायक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए श्री सीमेंट फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला आज, 143 पदों के लिए होगा इंटरव्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में 10 जून को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जायेगी। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र में लगभग 143 पदों के लिये साक्षात्कार होगा।

रोजगार मेला में भाग लेने के लिये आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय का रोजगार पंजीयन एवं रोजगार हेतु ऑनलाईन आवेदन पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अपना रोजगार पंजीयन एवं रोजगार हेतु आवेदन कर रोजगार मेला स्थल में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते है।

इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त अंकसूची की छाया प्रति, जाति, निवास, रोजगार पंजीयन आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं रोजगार तथा रोजगार हेतु किये गये आवेदन की प्रिट कॉपी सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है।

### 150 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

प्राप्त जानकारी अनुसार रोजगार मेला में नियोजक अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी बलौदाबाजार द्वारा सेफ्टी स्टेवर्ड के 4 पद, बॉयलर ऑपरेटर 4 पद, इंस्ट्रूमेंट 7 पद, इलेक्ट्रिशियन 5 पद, फिटर 5 पद, शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा सेफ्टी उत्तीर्ण एवं अनुभव 3 से 5 वर्ष, उम्र 24 से 26 वर्ष, वेतन योग्यता तथा पदानुसार एवं 12844 हजार तक, कार्यक्षेत्र अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट कुकुरदी, बलौदाबाजार होगा। न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार द्वारा इंजीनियर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता बी.टेक केमिकल उत्तीर्ण एवं अनुभव 6 से 7 वर्ष, उम्र 30 से 35 वर्ष, योग्यतानुसार 25 से 30 हजार तक, कार्यक्षेत्र न्यू विस्टा लिमिटेड रिसदा बलौदाबाजार होगा। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस बलौदाबाजार द्वारा युनिट मैनेजर के 3 पद, लाईफ मित्र 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 1 वर्ष, उम्र 18 से 40, वेतन पदानुसार कमीशन एवं 25 से 30 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। एनआईआईटी लिमिटेड बिलासपुर द्वारा असिस्टेंट मैनेजर के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई, पीएचडी, नेट एवं उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 से 5 वर्ष, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 8 हजार से 17 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, जांजगीर चांपा होगा। शांता टेक्नो प्रा.लि. रायपुर द्वारा मशीन ऑपरेटर के 5 पद, फिटर 5 पद, वेल्डर 5, मैकेनिकल इंजीनियर 5 पद, हेल्पर 5 पद, हाइड्रा ड्राइवर 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 8वीं से आईटीआई,बीई, डिप्लोमा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अनुभव 0 से 3 वर्ष तक, उम्र 18 से 50 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रुपए तक पदानुसार, कार्यक्षेत्र उरला रायपुर होगा। ईएलएक्सर कम्युनिकेशंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा वायरमेन के 10 पद, सोलर सिस्टम इंस्ट्रालेशन 5 पद, जुनियर ड्राफ्टमेन 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण, उम्र 18 से 35 वर्ष , वेतन 8 हजार से 14 हजार पदानुसार, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। उत्कर्ष पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल रसेड़ा द्वारा टीचर के 10 पद, शैक्षणिक योग्यता स्नातक (अंग्रेजी माध्यम) बीएड एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, उम्र 21-35 वर्ष, वेतन 12 हजार से 15 हजार रूपए योग्यतानुसार देय होगा कार्यक्षेत्र रसेडा बलौदाबाजार होगा।

## राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# बसपा ने जन समस्याओं का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जिला इकाई ने 9 जून को प्रदेश अध्यक्ष श्याम टण्डन के निर्देशन एवं जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह मल्होत्रा के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। बसपा ने छत्तीसगढ़ सरकार पर जनसमस्याओं को लेकर पूरी तरह विफल रहने का आरोप लगाया है।



खरीफ फसल सीजन की शुरुआत में सहकारी समितियों में खाद-बीज की कमी के कारण किसान महंगे दामों पर निजी दुकानों से खरीदारी करने को मजबूर हैं। बसपा ने इसकी कालाबाजारी रोकने की मांग की है। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से जनता त्रस्त है। साथ ही 'स्मार्ट मीटर' से आ रहे मनमाने बिजली बिलों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों पर चिंता जताते हुए सरकारी विभागों में खाली पदों पर तत्काल सीधी भर्ती शुरू करने की मांग की गई है। अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग पर हो रहे उत्पीड़न और /"गौ तस्करी/" के नाम पर दर्ज हो रहे फर्जी मामलों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है।

बसपा पदाधिकारियों ने चेताया है कि यदि शासन-प्रशासन ने इन समस्याओं पर तत्काल ठोस कदम नहीं उठाए, तो पार्टी आम जनता, किसानों और युवाओं के हक में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष लता लक्ष्मे, महासचिव रामसूरत भारद्वाज, कोषाध्यक्ष एड. रमेश अनंत, प्रदीप चौरगे, ढोला निराला सहित भारी संख्या में विधानसभा प्रभारी, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

